हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

एनटीपीसी लारा में मना स्वच्छ उत्सव सफाई मित्रों का किया गया सम्मान 4



## खबर संक्षेप

### ग्राम अंकिरा और भगोरा के ट्रांसफार्मर बदला गया



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया, अपनी त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता के वजह से लोगों के विश्वास और उम्मीदों का केंद्र बन चुका है। विकासखंड फरसाबहार के ग्राम अंकिरा और भगोरा के मोहल्ला के ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी। कैंप कार्यालय ने तत्काल विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर ग्राम में ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया में रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। बिजली, सड़क, पेयजल या विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं यहां तुरंत सुनी जाती हैं और समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाते हैं।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 11 से

**जशपुर।** जशपुर में शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत जिला शतरंज संघ जशपुर के तत्वावधान में आगामी 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस 'चेकमेट@जशपुर' पहल के अंतर्गत कम्युनिटी हॉल, जशपुर नगर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 11 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे तथा समापन 13 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में कुल 2.51 लाख रुपयों का नकद ईनाम और आकर्षक ट्रॉफियां रखी गई हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 11 रुपये ट्रॉफी का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विशेष श्रेणी पुरस्कार के तहत सर्वश्रेष्ठ जशपुर, सर्वश्रेष्ठ सरगुजा डिवीजन, सर्वश्रेष्ठ महिला, वरिष्ठ खिलाड़ी (55+), दिव्यांग प्रतिभागियों सहित विभिन्न वर्गों के विजेताओं के लिए अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के लिए भी अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 वर्ग में भी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रत्येक आयु वर्ग के विजेताओं को नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जशपुर जिले के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क के रूप में 100 रुपये जमा करने होंगे एवं अन्य जिलों के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क 500 रूपये निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ राज्य चैस एसोसिएशन (सीजीएससीए) का वार्षिक पंजीकरण करवाना भी अनिवार्य है। जिसका शुल्क जशपुर के निवासियों हेतु 75 रुपये एवं अन्य जिलों के खिलाड़ियों हेतु 150 रुपये निर्धारित है।

### पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**चांपा ।** बेतरतीब ढंग से बन रहे मकान जिस पर न रोड है और न पानी निकासी की उचित व्यवस्था जिसके चलते बस स्टैंड से कोरबा रोड जाने वाली सड़क पर खेत खलिहानों से आने वाली बरसाती पानी भरा रहता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा रोड के सामने कृषि भूमि हुआ करती थी जिस पर खेती का कार्य किया जाता था जिससे बरसात का पानी कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाया जाता था जो कि खेत खलिहानों से होते हुए रामबांधा तालाब में चला जाता था।

# जशपुर दशहरा महोत्सव का भव्य समापन, रणजीता स्टेडियम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ राजपरिवार और जनप्रतिनिधि बने परंपरा के साक्षी

रियासतकालीन परंपरा और आस्था का प्रतीक जशपुर दशहरा महोत्सव गुरुवार को रावण दहन के साथ संपन्न हुआ। रणजीता स्टेडियम रैनीडांड़ में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु जुटे और असत्य पर सत्य की विजय के पर्व के साक्षी बने।

कृत्रिम लंका में और फिर स्टेडियम परिसर में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होते ही आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाज़ियों से गूंज उठा और वातावरण विजयोल्लास के नारों से थर्रा उठा।ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच इस अवसर पर लकड़ी के सुसज्जित रथ में भगवान बालाजी की भव्य सवारी निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के रथ को खींचने की होड़ मच गई। आयोजन में परंपरा के अनुसार राजा रणविजय प्रताप सिंह जूदेव, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, यशप्रताप ⏭ शेष पेज 4 पर





जशपुर दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित राजपरिवार के सदस्य। रावण दहन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय।

**आचार्यों ने किया वेदी विसर्जन:** विजयदशमी के अवसर पर 21 आचार्यों ने देवी मंदिर और बालाजी मंदिर में वेदी विसर्जन, यज्ञ-शांति और पूजन-अर्चन कर दस दिवसीय अनुष्ठान का समापन किया। राजपरिवार और जिलेवासियों को आशीर्वाद देते हुए विश्वकल्याण की कामना की गई। देवी मंदिर से शोभायात्रा में लाए गए अस्त्र-शस्त्रों को पुनः सम्मानपूर्वक बालाजी मंदिर में स्थापित कर आरती की गई और पारंपरिक जई (अभिवादन) देकर लोग एक-दूसरे से गले मिले।

**चार रथों की सजीव झलक:** चार रथों ने महोत्सव की शोभा बढ़ा दी। पहले रथ में राजपरिवार और आचार्य, दूसरे रथ में विजय डंका और वादक दल, तीसरे रथ में भगवान बालाजी रथारूढ़, जबकि चौथे रथ में सहयोगी दल सवार रहे। जैसे ही शोभायात्रा रणजीता स्टेडियम पहुँची, हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जयघोष करते हुए भगवान के दर्शन को उमड़ पड़ी।

**बालाजी के रथ के आगे घोड़ा और ऊंट:** इस बार दशहरा महोत्सव में बालाजी के रथ के आगे घोड़ा और ऊँट भी चलाए गए, जिसने शोभा यात्रा को और भव्य बना दिया। रथ के पीछे नागपुर से आई 'शिव गर्जना' और झांकी की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों की भीड़ ने इस आकर्षक दृश्य का आनंद लिया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अनोखी झांकी और रथयात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

**विजय कामना के साथ अपराजिता पूजा:** रावण दहन के बाद अपराजिता पूजा का भी विशेष महत्व है। जिसे आचार्य व राजपरिवार के सदस्य करते हैं। आम लोगों की भी इसमें भागीदारी होती है। अपराजिता पूजा के पीछे मान्यता है कि रावण वध के समय भगवान राम ने अपराजिता पूजा की थी। इसी मान्यता के अनुसार अपराजिता पूजा की जाती है, जिसमें विशेष रूप से शस्त्रों की पूजा होती है। पूजा में शस्त्र बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा में ही लाया जाता है।

**नीलकंठ दर्शन की अनूठी परंपरा:** पराजिता पूजा के बाद दशहरा के दिन अंतिम कार्यक्रम के रूप में रणजीता मैदान में भगवान के रथ से नीलकंठ पक्षी के उड़ाने की पंरपरा है। यह विशेष बैगा के द्वारा यहां के बालाजी मंदिर में लाया जाता है। इस दिन नीलकंठ पक्षी को देखना शुभ माना जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि रावण वध के समय रावण ने हनुमान को उनके वास्तवित रूप में पहचान लिया था और हनुमान ने शिव के नीलकंठ रूप में दर्शन दिए थे। इसके बाद ही रावण को मुक्ति मिली थी। यहां के लोगों की मान्यता है कि यदि नीलकंठ पूर्व और उत्तर की ओर उड़ता है तो पूरे विश्व के लिए यह वर्ष शुभ होता है, वहीं नीलकंठ यदि अन्य दिशाओं की ओर उड़ता है तो प्राकृतिक आपदाओं सहित अन्य परेशानियों का संकेत होता है। भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हुआ। किसी भी मार्ग से वाहन प्रवेश संभव नहीं था। जिलेभर से जुटी भीड़ को संभालने के लिए सैकड़ों जवान तैनात रहे।

## चलता रहा मूर्ति विसर्जन का दौर

# शारदीय नवरात्रि का समापन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



धर्मनगरी कोतबा में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाई गई। नौ दिन तक घर-घर और मंदिरों व भव्य पंडाल में मां दुर्गा की पूजा की गई। गुरुवार को दशमीं के दिन नगर के तिलगोड़ा मैदान में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को डीजे व आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विसर्जन के लिए हाईस्कूल स्थित असुरबंध तालाब ले जाया गया। सभी भक्तों ने बड़ी संख्या में माता के विसर्जन के लिए शोभायात्रा में शामिल हुए।

धर्मनगरी कोतबा के हृदयस्थली तिलगोड़ा प्रांगण में विराजित मां दुर्गा का दशमीं तिथि को विशाल भव्य शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया। गुरुवार सुबह मां दुर्गा को सिंदूर चढ़ाया गया। मां की मूर्ति को ट्रैक्टर पर विराजमान किया गया। पंडाल से मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा शाम 3 बजे शुरू की गई।

सबसे आगे आतिशबाजी करने वाले युवा थे उनके पीछे डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर राम मंदिर पारा, परशुराम चौक,से मुख्य मार्ग पर बस स्टैण्ड कारगिल चौक होते हुए हाई स्कूल पारा स्थित असुरबंध तालाब पहुंची। यहां मां के जयकारे लगाते हुए भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का का विसर्जन किया गया।

**10 दिनों तक हुए विविध कार्यक्रम:** इस वर्ष नवरात्र 10 दिनों की थी जिसमें धर्मनगरी कोतबा में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया जिज़मे रोजाना आरती में 5000 से अधिक भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते है। वही आखरी तीन दिनों में ये संख्या अधिक बढ़ गई स्थिति ये रही कि पंडाल छोटे पैड गए थे। वही रात्रि जागरण के लिए प्रसिद्ध कलाकार गायक नितिन दुबे का भी आगमन हुवा था। जिसका भक्तो ने खूब लुफ्त उठाया वही महाअष्टमी के दिन महाआरती फूलो की होली का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। नवमी तिथि को आरती के बाद गरबा डाँडिया का आयोजन किया गया जिसमे नगर की कन्याओं व छोटे बच्चों ने भाग लेकर प्रस्सति दे कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं नवमी के दिन मे कन्या पूजन व अखंड भण्डार का आयोजन किया जिज़मे हजारों भक्तो ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

**नगर में निकली शोभायात्रा:** शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में "नवरात्र नव दिन माई दशम दिन विदाई विसर्जन मां चली" की धुन डीजे में बजाते हुए नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिस धुन को सुन कर नगरवासियों की आँखें भर आईं सभी भावविभोर हो कर माता की विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जब कारगिल चौक के समीप पहुंची तो भक्त माता रानी के जसगीत "आमापान के पतरी करेला पान के दोना ओ" की धुन में युवा झूम झूम कर नाचते नजर आए। माता का विसर्जन पूर्व तालाब के घाट में आरती की गई जिसके बाद सभी ने माता से विदाई ले कर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन संध्या काल में लगभग 6 बजे कर दिया गया। मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी भीड़ विसर्जन यात्रा के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

# नवरात्रि पर्व की नवमीं पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



■ मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या ने किया विभिन्न दुर्गा पंडालों पर पूजन-अर्चन

**जशपुरनगर।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जिलेभर में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है। नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वे सर्वप्रथम दुलदुला में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए पहुंचीं, जहां श्रद्धालुओं के साथ बैठकर मां जगदंबा की आराधना की। इसके बाद नारायणपुर, कुनकुरी के बजरंग नगर, बाजार डांड, डुगडुगिया एवं दोकड़ा में स्थापित भव्य दुर्गा पंडालों में पहुंचीं। हर स्थान पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर देवी मां से प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।पंडालों में पहुंचने पर श्रद्धालुओं और आयोजक समितियों ने कौशल्या साय का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

# भक्तों की टोली ने श्रद्धालुओं समेत धूमधाम से दी माता रानी को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर की सभी सार्वजनिक दुर्गा समिति ने शहर में शोभायात्रा निकालते हुए माता रानी को विदाई दी।

सुबह से ही सभी पंडालों में तैयारी कर माता रानी की भव्य रूप से गाजे बाजे के साथ भक्तों की टोली जिसमे बच्चों से लेकर महिलाएं एवं बड़े सभी लोग अपने पारम्परिक वेश भूषा में नाचते गाते हुए निकले एक समिति के लोग शोभायात्रा के दौरान दूसरे समिति के लोग से मिलने पर आपसी भाईचारा निभाते हुए एक दूसरे के गले मिलते रहे। बाजार पारा, जशपुर रोड , मंडी समिति, दुर्गा मंदिर अम्बिकापुर रोड बर्फ फैक्टरी रोड, मातु शर्मा समिति, रेस्टहाउस समिति एवं रायगढ़ रोड के दुर्गा समिति एवं शहर वासी के लोग शामिल रहे दिन के 12 बजके से निकले भक्त तीनो मार्गो में शोभायात्रा कर माता का विसर्जन किया कोशिश के साथ शोभायात्रा में निकलें। दिन में दो बार रुक रुक कर हुई बारिश पर भक्तो की भक्ति में कोई कमी नही कोई भींगता रहा तो कोई छतरी लेकर माता रानी की छत्र बनाकर खड़ा रहा। बाजारपारा दुर्गा विसजर्न का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा चाहत धमाल म्यूजिक जिसके म्यूजिक धुन में झूमते नजर आएं भक्ति में रमे माता रानी के भक्त जो जगह जगह नाचते झूमते रहे। जैसे जैसे शोभायात्रा के साथ शाम होता गया तो माता की विदाई गीत लोगों की आंखें नम करती रही नवरात्र के पहले दिन से सभी समिति के लोग माता रानी के भक्ति में पूरी तरह रमे हुए लीन रहे सुबह से दिन भर के माता के भजन से लेकर अन्य कार्यक्रमों में सभी समिति के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रिय रहा सुबह से ही शोभायात्रा के साथ साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपनी पुलिस टीम के साथ मुस्तैद दिखी।



शोभायात्रा के दौरान तीनो मार्गो में जगह जगह स्टाल लगाकर नास्ता चाय पानी से लेकर ठंडा की ब्यवस्था कर भक्तों को खिलाते रहे।



रेस्टहाउस समिति घोड़े और ऊटो के साथ निकले शोभायात्रा में जो देखने लायक रहा सभी समिति अपने अंदाज में नया दिखाने की

## एसएसपी ने सपत्निक लिया आशीर्वाद



एसएससी शशि मोहन सिंह ने अपनी पत्नी रेखा सिंह के साथ विभिन्न दुर्गा पंडालों में जाकर माता दुर्गा से आशीर्वाद लिए। उन्होंने जशपुर वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा के दौरान ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए और अधिक सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु सख्त हिदायत दी गई।

## ऑपरेशन शंखनादः जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दमेरा घाट से 9 गौवंश बरामद, 3 तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**जशपुरनगर।** गौ-तस्करों के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिटी कोतवाली पुलिस ने दमेरा घाट के जंगल से 9 गौवंशों को मुक्त कराया, वहीं 3 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दिनांक 30 सितंबर की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चराईडांड की ओर से दमेरा घाट के रास्ते गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए पैदल झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। एसएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम दमेरा घाट पहुंची और घेराबंदी कर तीन तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है,



उनके अनूप एक्का (28 वर्ष),जगदीश चौहान (34 वर्ष),सनत राम चौहान (55 वर्ष), सभी आरोपी ग्राम लारीपानी, थाना लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के निवासी हैं। पुलिस ने जब गौवंशों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

पूछताछ में सामने आया कि सभी गौवंश अनूप एक्का के थे, जिन्हें वे झारखंड ले जा रहे थे। पुलिस ने सभी 9 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराने के बाद पशु चिकित्सक की टीम से इलाज भी कराया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में पुलिस की सराहना हो रही है।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष तिवारी, एएसआई मनोज भगत, आरक्षक राम प्रताप यादव और नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ऑपरेशन शंखनाद सख्ती से जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने दमेरा घाट से 9 गौवंशों को छुड़ाया और तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिले में गौ-तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऑपरेशन शंखनाद सख्ती से जारी रहेगा।

# बोलेरो और बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से लगे के नेशनल हाईवे-43 पर गम्हरिया के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।रायगढ़ रोड से गम्हरिया की तरफ आने वालीबोलेरो क्रमांक ओडी 23 0120 और गम्हरिया से विपरीत जाने वाली बाइक सीजी 14 एमएल 0656 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन हाईवे पेट्रोलिंग टीम की मुस्तैदी से वाहन को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है और मृतकों की पहचान तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### दुर्घटना स्थान बना ब्लैक स्पॉट

घटना के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट बन चुका है। आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर या बैरिकेड्स लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।





# दो पहिया चालकों को बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल, नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

मंगलवार से बलरामपुर जिले में नो हेलमेट-नो पेट्रोल का नियम लागू हो गया है। कलेक्टर की पहल पर इस अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत बिना हेलमेट लगाए किसी भी चालक को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। इस अभियान का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों के मामलों में कमी लाए जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

■ लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन ने की पहल

वर्तमान समय में तेज रफ्तार वाहन चलाना दुर्घटना का मुख्य कारण बन गया है। तेज रफ्तार के कारण ही ज्यादातर घटनाएं होती है और इन घटनाओं में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मौतें होती है। अक्सर यह देखा गया है कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मौते टक्कर के बाद सिर में लगी गंभीर चोट के कारण ही होती है और कई बार मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने का भी समय नहीं मिलता है। इसके साथ ही कई बार लोग सिर और चोट लगने के कारण गंभीर स्थिति में पहुंच जाते है। ऐसे में दुर्घटनाओं के दौरान होने वाले जान के नुकसान को कम करने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर जिले भर में यह आदेश लागू किया है कि बिना हेलमेट के किसी भी पेट्रोल पंप पर दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। कलेक्टर श्री कटारा ने यह नियम 1 अक्टूबर से लागू करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद कलेक्टर व एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जिलेभर में 15 दिनों से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे थे। निकाय क्षेत्र के साथ ही गांव गांव में इस विषय में लोगों को जानकारी प्रदान की गई थी।

मंगलवार को जिले में यह नियम प्रभावशाली हो गया है। नियम लागू होने के बाद पहले दिन पुलिस विभाग, जिला प्रशासन और आरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोल पंपों में जाकर इसकी जानकारी दी गई और लोगों से हेलमेट पहनने का आह्वान किया गया।

### पेट्रोल पंप के बाहर उपलब्ध रहेगा हेलमेट

जिले में लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर ने सभी दो पहिया शो रूम संचालकों व पेट्रोल पंप संचालकों को हेलमेट रखने के निर्देश दिए है। जिले में लगभग 46 पेट्रोल पंप है और सभी पेट्रोल पंप में स्पष्ट निर्देश है कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। लोग पेट्रोल पंप के बाहर से हेलमेट खरीदकर इसका उपयोग करे। शुरुआत में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को हेलमेट लगाने की समझाइश दी जाएगी और फिर भी आदत में सुधार नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### लागू हो गया है नियम

जिले में नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में कमी लाना है। यह नियम लागू हो गया है और पिछले 15 दिनों से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

-राजेंद्र कटारा, कलेक्टर

### समझाइश के बाद होगी कार्रवाई

इस अभियान का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा है। पेट्रोल पंप संचालकों को समझाइश दी गई है कि बिना हेलमेट के किसी को पेट्रोल नहीं दिया जाए। हमारा उद्देश्य कार्रवाई करना नहीं है लेकिन यदि आदत में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

-वैभव बैंकर, रमनलाल

## खबर संक्षेप



### चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल पर एसबीआई ने बस स्टैंड में बड़े नोटों के बदले उपलब्ध कराये सिक्के

**बिश्रामपुर।** नकदी की कमी और छोटे करंसी के सिक्कों की किल्लत से जूझ रहे व्यापारियों और आम लोगों के लिए बुधवार को चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बिश्रामपुर द्वारा बड़े नोटों को लेकर 1,2,10 और 20 रुपए के सिक्के जरूरतमंदों को उपलब्ध कराये,यह कार्यक्रम बस स्टैंड परिसर में आयोजित हुआ,जहां व्यापारियों से लेकर आम उपभोक्ताओं तक सभी ने बड़े नोटों को बदलकर चिलहर सिक्के प्राप्त किए,कार्यक्रम में एसबीआई बिश्रामपुर के ब्रांच मैनेजर रविकांत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे,वहीं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सहित रमेश दनौदिया, अंशुल गोयल,चंदन सिंह,जतिन तायल,राकेश अग्रवाल, नितिन गोयल,प्रशांत अग्रवाल,सावन गोयल और अन्य व्यापारी व आमजन इस मौके पर उपस्थित रहे।गौरतलब है कि नोटों के बदले चिलहर सिक्के प्रदान किये जाने से स्थानीय बाजार में छोटे लेन-देन की समस्या का हल निकालने के उद्देश्य से किया गया,लंबे समय से व्यापारी और ग्राहक दोनों ही छुट्टे पैसों की समस्या से परेशान हो रहे थे,ऐसे में यह पहल सभी के लिए फायदेमंद साबित हुई,चैम्बर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे ताकि बाजार में सिक्कों और छोटे नोटों की उपलब्धता बनी रहे।

### डांस डांडिया गायन प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं को किया गया पुरस्कृत



**सलका अधिना।** शारदीय नवरात्र का पर्व का आयोजन दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड में किया गया। मां दुर्गा के पंडाल में सुबह -शाम श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन कीर्तन सहित गरबा डांडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं। साथ ही दुर्गा पूजन समिति द्वारा हर दिन सांस्कृतिक उत्सव की तरह जगराता, डांस, डांडिया, गायन, थाली सजाओ प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित दशहरा के दिवस भव्य आतिशबाजी का आयोजन रावण दहन और सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन होना है। डांस डांडिया गायन प्रतियोगिता में शामिल काव्या, सावनी, अयांश, अदिति साहू, वेदिका,पूर्वी, अंशिका,वर्णिका तथा आरती थाल प्रतियोगिता में विनायक गुप्ता को प्रथम इनाम मिला जिस पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दुर्गा पंडाल में शाम को भंडारे का आयोजन लोगों और समिति के सहयोग से किया जा रहा है। 5 अक्टूबर को को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन का भी आयोजन किया जाएगा।

### शताब्दी वर्ष के अवसर पर केदमा में हुआ भव्य पद संचलन



**केदमा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केदमा मंडल के स्वयंसेवकों द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर भव्य पथ संचलन किया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भाग लिया। गायत्री मंदिर में एकत्रीकरण कर पथ संचलन प्रारम्भ हुआ जो टिकरापारा से अटल चौक, मुख्य बस्ती केदमा से गुजरते हुए गांव के सभी पारा मुहल्ला से होकर पुनः गायत्री मंदिर में समापन हुआ। पथ संचलन के समय महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा चौक- चौराहे एवं प्रमुख स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके पश्चात आयोजित गोष्ठी में सुभाषित, अमृत वचन एवं एकल गीत प्रस्तुत किया गया। देवनारायण यादव जिला सह कार्यवाह द्वारा संघ की स्थापना एवं कार्य पर उदबोधन दिया गया। शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सुखराम यादव, अयोध्या प्रसाद सोनवानी, सीपी सोनी, रामशरण पटेल, मूलचंद अग्रवाल, चन्द्रिका यादव,कौला प्रसाद चौहान, रामलाल सिंह, सुनील अग्रवाल, श्रीनाथ सिंह, महेश्वर पैकरा, दीनानाथ यादव, श्यामलाल यादव, ऐशनाथ यादव, धरम सिंह, गंभीर पैकरा, मोती यादव सहित लगभग 175 स्वयं सेवक शामिल हुए।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

बिश्रामपुर। शादी का झांसा देकर दैहिक शोषक करने वाले आरोपी को करंजी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम आमापारा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया निवासी एक युवती ने बिश्रामपुर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि मार्च 2025 में इसकी बुआ की शादी में अपने ग्राम आमापारा में करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम बरौल निवासी 18 वर्षीय रामलल्लू पिता राजेन्द्र प्रसाद आया हूआ था,इसी दौरान युवती की जान पहचान हुई थी, आरोपी रामलल्लु द्वारा शादी का झांसा देकर अपने साथ अपने घर ग्राम बरौल लेकर गया था,और शारीरिक संबंध बनाया है,इसके बाद 24 सितंबर को युवती को वापस उसके घर ग्राम आमापारा छोड़कर अब शादी करने से इनकार कर रहा है,पीड़िता की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने आरोपी राम लल्लू के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

## 24 सालों बाद इस बार 1266 मिमी वर्षा

# खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर की सक्रियता से तीन दिनों तक प्रभावित रहेगा मौसम, होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेसर के प्रभाव से अीाी बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मानसून की वापसी शुरू हो गइ्र है इसके बावजूद अक्टूबर में छिटपुट वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

■ बरसात में औसत 924 मिमी होती है वर्षा

इस बार मध्य जून में मानसून की दस्तक के बाद से ही लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। अगस्त महीने में मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित होने पर वर्षा में कुछ कमी आई थी लेकिन एक पखवाड़े बाद स्थिति सामान्य हो गई थी। इस बार लगातार बारिश से अम्बिकापुर तहसील में औसत से लगभग 500 मिमी अधिक वर्षा हुई है। हालांकि पूरे सरगुजा की औसत वर्षा कमी हुई दर्ज की गई है। आंकड़ों की दृष्टि से अभी भी सरगुजा में औसत वर्षा 1164.6 मिमी की तुलना में 825.6 मिमी का ही आंकड़ा पूरा हो सका है तथा अभी तक 29 फिसदी कम वर्षा दर्ज की गई है।




व्यवहारिक रूप से इस आंकड़े पर संदेह जताया जा रहा है। पूरे जिले में धान की फसल अच्छी है साथ ही छोटे-बड़े सभी सिंचाई बांध लबालब हो गए हैं। मौसम विज्ञानी आगे भी खाड़ी में हलचल होने एवं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण ि छटपुट वर्षा जारी रहने की संभावना जता रहे हैं। सितम्बर का महीना समाप्त होने के साथ ही मानसून अवधि खत्म हो गई है तथा राजस्थान से मानसून की वापसी भी शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी कोई ताकतवर मौसमी व्यवधान नहीं बनने पर 10 अक्टूबर के असापास सरगुजा से भी मानसून के विदा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मानसून की वापसी के बाद नवम्बर से पछुआ विछोभ की वर्षा होती है जिससे तापमान तेजी से गिरता है। वर्तमान में खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है।

### 24 साल बाद भारी वर्षा

मौसम विज्ञानी के अनुसार इस बार 24 सालों बाद अम्बिकापुर में भारी वर्षा हुई है। इसके पूर्व वर्ष 2001 में अम्बिकापुर में 1815.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। वर्ष 2011 में भी औसत से अधिक वर्षा हुई थी तथा वर्षा का आंकड़ा 1445.5 मिमी पहुंच गया था। पिछले साल 1357.1 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी। इस बार 15 जून से 30 सितम्बर के मध्य मानसून काल के 122 दिनों में 87 दिन वर्ष हुई। इस अवधि में कई दिन मूसलाधार वर्षा भी हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस बार जून में 239.9 मिमी, जुलाई में 662.9 मिमी, अगस्त में 374.4 मिमी एवं सितम्बर में 189.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### तैयार फसल को नुकसान

जून मध्य में रोपी गई धान की फसल अब पक कर तैयार हो गई है। बारिश से पकी फसल के खराब होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश से पकी फसल लेट गई है। स्थिति से किसान काफी चिंतित हैं तथा बारिश से धान की पकी फसल के काले पड़ने एवं दानों में अंकुरण होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



## छत्तीसगढ़ के पशुधन में आई 40 प्रतिशत की कमी : सिंहदेव

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में पशुधन में 40 प्रतिशत की कमी आई है। छग में लगभग 5 लाख गौवंश गायब हो गए है जो चिंता का विषय है। इसका कारण यह तो नहीं कि बड़े पैमाने पर गौवंश की तस्करी हो रही है। सरकार यह बताए कि गौवंश में इतने बड़े पैमाने पर कमी क्यों आई है क्या वे मर गए है या तस्करी होकर बाहर चला गए। श्री सिंहदेव बुधवार को कोठीघर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की सरकार के रथे हुए भी 4.3 अरब डॉलर के बीफ की बिक्री अन्य देशों को हो रही है। बीफ निर्यात में भारत ब्राजील के बाद दूसरे नम्बर पर है। सबसे बड़ा बूचड़ खाना भाजपा शासित प्रान्तों महाराष्ट्र, यूपी, बिहार में है और यह रिकार्ड में दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब इलेक्टोरल बांड का मामला सामने आया और जानकारी सार्वजनिक की गई तो उसमें भी यह बात सामने आई थी कि बीफ एक्सपोर्ट में लगी कंपनी से भाजपा ने चंदा लिया। भाजपा देश के नागरिकों को किस हद तक गुमराह कर भावनात्मक माहौल बनाकर अपना राजनैतिक हित सिद्ध करना चाहती है यह उजागर हो रहा है। सरगुजा में भी पशुधन की सेवा में लगे लोगों का कहना है कि मैनपाट सहित अन्य क्षेत्रों से सूरजपुर जिले से होते हुए यूपी, झारखंड गौवंश की तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से पशुधन की जो सेवा होनी चाहिए वो प्रदेश में नहीं हो पा रही है। भाजपा ने घोषणा की थी कि गौवंश अभ्यारण बनेंगे फिर कहा गौवंश धाम बनाएंगे, फिर कहा कि एक पशु के लिए प्रतिदिन 10 रुपए दिया जाएगा लेकिन इससे पशुधन को कितना चारा मिलेगा। एक गौवंश को न्यूनतम एक दिन में चार किलो चारा मिलना है उनके लिए पर्याप्त राशि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है और बात करते है गौवंश के सुरक्षा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गौवंश की रक्षा के लिए गौठान बनवाया था जिसमें घुमंतू पशु को रखा जाएगा जहां उनके लिए चारा पानी की व्यवस्था थी लेकिन इसे बंद कर दिया गया और अब आए दिन पशुधन की तस्करी हो रही है। हमारी मांग है कि गौवंश की सेवा की दृष्टि से पहले सरकार बताए कि 5 लाख गौवंश में कमी क्यों आई, क्या वे मर गए या तस्करी हो गई। इसके साथ ही 2023 तक को गौठान प्रचलन में थे उन्हें चालु कर चारा पानी की व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, रेड क्रोस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, हेमंत सिन्हा, मो. इसलाम, द्वितेंद्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

■ बड़े पैमाने पर तस्करी का लगाया आरोप, पूर्व डिप्टी सीएम ने सरकार से मांगा जवाब

## वन अमले ने वन क्षेत्र बंशीपुर क्षेत्र से जब्त की बोलेरो सहित 42 नग चिरान



**सोनगरा।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में लकड़ी तस्कर लंबे समय से सक्रिय है जो जंगल से पेड़ की कटाई कर आसपास क्षेत्रों में लकड़ी की तस्करी करते है। क्षेत्र से लगातार लकड़ी तस्करी की मिल रही लकड़ी तस्करी की शिकायत पर गत दिन वन अमले को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब वन अमले की टीम ने बंशीपुर वन क्षेत्र से बोलेरो सहित 42 नग चिरान जब्त किया। हालांकि वन विभाग के हाथ तस्कर नहीं लगे। क्षेत्र में गश्त कर रहे वन अमले को मुखबिर से सूचना मिला कि बंशीपुर वन क्षेत्र से भारी मात्रा में लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना पर मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर के मार्गदर्शन तथा वन मंडलाधिकारी पंकज कुमार कमल के निर्देश पर वन विभाग के रात्रि गश्ती दल एवं हाथी मित्र दल को मिलाकर एक टीम बनाई गई। रात करीब दो बजे मौके पर पहुंची। टीम ने खड़ी महिंद्रा बोलेरो क्रमांक सीजी 15 बी 2857 की घेराबंदी की और चालक को नीचे उतरने को कहा तो चालक नीचे उतरकर वहां से भागने लगा। हालांकि टीम ने उसका पीछा किया लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। मौके पर खड़ी बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से लोड किया गया 19 नग साल चिरान पाया गया जो कि ग्राम झींगादोहर निवासी गोरेलाल आत्मज परदेसी यादव के घर के सामने खड़ी थी। जिसके बाद दूसरे दिन वन अमले की टीम ने मंगलवार को फिर से आस पास के क्षेत्रों की पतासाजी की गई तो गन्ने एवं मक्का के खेतों में अवैध रूप से छिपाकर रखे 23 नग चिरान बरामद किया। टीम ने अवैध रूप से काटे गए पेड़ के 42 नग साल चिरान जब्त किया है। मामले में वन अपराध दर्ज कर वन अधिनियम 1927 के प्रावधान अनुसार कार्रवाई करते हुए फरार बोलेरो चालक की भी तलाश में जुट गई है। कार्रवाई में संस्कृति बार्ले उप वनमंडलाधिकारी प्रतापपुर,उत्तम मिश्रा वन परिक्षेत्राधिकारी, परिक्षेत्र सहायक सोनगरा अनंत सरकार, परिक्षेत्र सहायक बंशीपुर, अशोक गुप्ता, आशीष साहू, प्रीतम भगत तथा हाथी मित्र दल व वनकर्मी उपस्थित सक्रिय रहे।

## महंगई में पहली बार भव्य कर्मा नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महंगई

नवरात्रि के पावन पर्व में जहां पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की आराधना में लीन है, वहीं जिले में गरबा की रंगारंग धूम के साथ-साथ आदिवासी लोक नृत्यों का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। महंगई में पहली बार आयोजित विशाल कर्मा नृत्य प्रतियोगिता ने सांस्कृतिक उत्सव को नई ऊर्जा प्रदान की।

प्रतियोगिता में पारंपरिक वेशभूषा में सजे नर्तक दलों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक भूलन सिंह मरावी शामिल हुए। महंगई ग्राम पंचायत में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से पहुंचे युवा-युवतियों ने कर्मा की धुन पर थिरकते हुए अपनी कला का लोहा मनवाया। छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग है, इस मौके पर न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक भी। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि मां की भक्ति का पर्व है, लेकिन हमारी जड़ें लोक संस्कृति में हैं। ऐसे आयोजन से हम अपनी परंपराओं को जीवित रखते हैं और युवाओं को जोड़ते हैं। आयोजकों के अनुसार यह पहला प्रयास था और भविष्य में और भी भव्य बनाने की योजना है। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य नयन सिरदार ने भी शिरकत की और कर्मा नृत्य की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि यह नृत्य न केवल शारीरिक ऊर्जा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी। वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि जिले में नवरात्रि के दौरान ऐसे लोक उत्सवों से स्थानीय लोग इनका आनंद लेने के साथ ही अपनी संस्कृति से जुड़ते भी है। इस दौरान प्रमिला जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, अजय श्याम, शिवनंदन सिंह मरावी, जगमोहन सिंह, सागर सिंह, परमानंद जायसवाल, रामानंद जायसवाल, अशोक सिंह, सुरेंद्र पैकरा, मनबहाल सिंह, ज्योति तिवारी, संगीता जायसवाल, गुड्डी भारती, तीरथ राम, सतीश जायसवाल, लोकनाथ तिवारी, चमन राजवाड़े, दिसंबर सिंह, अंकित जायसवाल, सरजू, राजेश, पुरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### अंबिकापुर- बिश्रामपुर समेत पंद्रह रेलवे स्टेशनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की मिली मंजूरी

**बिश्रामपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षित रेल परिचालन को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में रेलवे बोर्ड द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है,इस स्वीकृति के तहत बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत शेष 15 पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जाएगी, इस कार्य पर लगभग 298.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी,इन 15 स्टेशनों में बिश्रामपुर,कमलपुर ग्राम, अंबिकापुर, मौहारी, हरद, पाराडोल, कोतमा, बिजुरी, करंजी, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, घुटकू, कलमीटार, लैंको एवं कुसमुंडा शामिल हैं।बता दें कि भारतीय रेल की स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के सफल क्रियान्वयन हेतु इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का समावेश अत्यंत आवश्यक है,इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली न केवल ट्रेन परिचालन को अधिक संरक्षित बनाएगी बल्कि यह कवच प्रणाली के साथ सीधे तौर पर एकीकृत होकर वास्तविक समय रियल टाइम डेटा साझा करने में सक्षम होगी।इस नई और आधुनिक तकनीक की स्थापना से ट्रेन संचालन की अधिक संरक्षा और दक्षता बढ़ेगी,साथ ही कवच प्रणाली के साथ सहज एकीकरण होगा,तेज ट्रेन नियंत्रण और आकस्मिक स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया मिलेगी एवं सम्पूर्ण नेटवर्क की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 250 वृद्धो का हुआ सम्मान



**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूलन सिंह मरावी शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के लगभग 250 वृद्धों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक श्री मरावी ने कहा कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक हैं। उनकी देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए लगातार योजनाओं को मजबूत बना रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना और रामलला दर्शन योजना से जिले के बुजुर्गों के लाभान्वित होने की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा ने कहा कि वृद्धजन दिवस हमें अपने माता पिता और अन्य बुजुर्गों की प्रति दायित्वों की याद दिलाता है। माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। उनके दिए संस्कारों से ही हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जिला प्रशासन बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को गंभीरता से लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में एकल परिवार की प्रवृत्ति के कारण माता-पिता की देखभाल में कठिनाई हो रही है, ऐसे में समाज को आगे आकर वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्गों की देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुराना मामला वापस लेने की बात पर महिला से गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने आरोपी सीतापुर के ग्राम डांगबुड़ा निवासी अनिल अग्रवाल आ. जय कुमार अग्रवाल (45 वर्ष) को बीएनएस की धरा 296, 351, 115, 232 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। आरोपी ने 30 सितम्बर को महिला को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही पिटाई की थी। पुलिस ने मामले में पीडिता के बयान के आधार पर आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने महिला से मारपीट की घटना को स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे को जब्त किया है।

## नेत्र रोगियों को दिया गया चश्मा, हुई ईसीजी व बीपी की जांच

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 164 मरीजों का किया गया उपचार

**अम्बिकापुर।** अदाणी ट्रैक्स मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड की सीएसआर शाखा एवं अदाणी फाउंडेशन द्वारा सोमवार को परसा साप्ताहिक बाजार के शेड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बाल रोग, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा एवं नेत्र जांच जैसी सुविधाओं से 164 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाइयां, नेत्र परीक्षण और चश्मों का वितरण किया गया साथ ही ईसीजी और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में चिकित्सकों ने आँखों की समस्या, बदन दर्द, गठिया, खांसी-जुकाम, बुखार और स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार पुँगले के नेतृत्व में रायपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ. अपेक्षा सिंह गहरवार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका गुप्ता, एमपी फिजिशियन एवं डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चेतन चतुर्वेदी उपस्थित थे। शिविर में अधिक से अधिक मरीज अपना निःशुल्क उपचार करा सके इस लिए इसकी सूचना मुनादी एवं जन प्रतिनिधियों के माध्यम से दी गई थी। मरीजों का पंजीकरण और शिविर संचालन का प्रबंधन अदाणी फाउंडेशन टीम द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच श्रीमती तुलसी उइके, उपसरपंच उमाशंकर यादव, महिला उद्यमी बहुदेशीय सहकारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती अमिता सिंह और उपाध्यक्ष श्रीमती वेदमती उइके की उपस्थिति में किया गया।





# ऋषभ के साथ ढोल बजाते दिखे दिलजीत

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज हो रही है। फिल्म रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ऋषभ शेट्टी फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। अब फिल्म का नया गाना रिबेल रिलीज हुआ है। इस गाने को पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है। सबसे खास बात ये है कि दिलजीत इस गाने में पर्दे पर नजर भी आए हैं। गाने में दिलजीत और ऋषभ शेट्टी दोनों ढोल बजाते दिखे हैं।कांतारा चैप्टर 1के नए गाने रिबेल में दिलजीत दोसांझ सरप्राइज पैकेज हैं। क्योंकि, गाने में न सिर्फ उनकी आवाज है, बल्कि दिलजीत स्क्रीन पर भी नजर आए हैं।

## लाइफ Style



# पत्रलेखा


## हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने बताया उनके लिए असली शक्ति क्या है। उन्होंने कहा कि 'मैं हर महिला से कहना चाहती हूं कि कभी अपने अंदर की ताकत को कम मत आंकिए। जब भी आप असहाय महसूस करें, याद रखें कि सहनशीलता और धैर्य आपके अंदर ही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ ही अपने अंदर की शक्ति और स्थिरता का भी जश्न मनाना चाहिए। अपनी ताकत को पहचानो और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो। अपने अंदर की शक्ति को पहचानो, आत्म-जागरुक बनो और जीवन में हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो।' हालिया रिलीज फिल्म 'फुले' के बाद मुझे बहुत अच्छी और रोचक फिल्में मिल रही हैं। मैं जल्दी ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। यह मुझे याद दिलाता है कि धैर्य और मेहनत का फल हमेशा मिलता है, भले ही वह तुरंत दिखाई न दे।'उन्होंने आगे कहा कि कॅरियर की शुरुआत में मुझे बहुत बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा। एक कलाकार के रूप में आप हर ऑडिशन में अपना सब कुछ दे देते हैं। और जब चीजें नहीं होतीं, तो यह बहुत दुखद और व्यक्तिगत लगने लगता था। उस समय मैं खुद से कई सवाल पूछती थी... क्या मैं सही कर रही हूं? क्या मैं योग्य हूं? लेकिन, मैं हमेशा याद रखती थी कि मैंने यह पेशा क्यों चुना... क्योंकि मुझे सच में कहानियां सुनाने से प्यार है। यही प्यार मेरा आधार बन गया। धीरे-धीरे अवसर आने लगे। आज पीछे मुड़कर देखती हूं, तो लगता है कि उस दौर ने मुझे धैर्यवान और मजबूत बनाया।

## हॉलीवुड मसाला



# अंतरिक्ष में करना चाहते हैं शादी

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में खबरें आईं कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन और कीथ अर्बन 20 वर्षों तक साथ रहने के बाद अलग हो गए। अब खबर आ रही है कि निकोल किडमैन के पूर्व पति टॉम क्रूज और अभिनेत्री एना डे अर्मास अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबरों के मुताबिक दोनों स्काईडाइविंग करते हुए एक-दूसरे के साथ शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। टॉम क्रूज और एना डे अर्मास अपनी शादी को 'मिशनः इम्पॉसिबल' स्टंट जैसा हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं।



# जॉन मेयर पहली बार भारत में करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक-गीतकार और गिटारिस्ट जॉन मेयर पहली बार भारत में प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। गायक अगले साल यानी कि 2026 में भारत आएंगे और परफॉर्म करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका भारत में परफॉर्म करने का हमेशा से ही सपना रहा है। जानिए किस तारीख को होगा उनका शो। इंस्टाग्राम पर बुक मॉय शो हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें जानकारी दी गई है कि अमेरिकी गायक जॉन मेयर साल 2026 के जनवरी महीने में भारत दौरा करेंगे। गायक 22 जनवरी को मुंबई के प्रतिष्ठित महालक्ष्मी रेसकोर्स में अपनी संगीत की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में शमिल होने के लिए दर्शक 14 अक्टूबर 2025 को सामान्य टिकट खरीद सकेंगे। इस टिकट के माध्यम से संगीत प्रेमी शो को लाइव देख सकेंगे।



# आमिर-रानी के गाने के साथ किया एंजॉय


**मुंबई।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। वहीं आज प्रियंका ने अपने नाश्ते की एक झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने नाश्ते की तस्वीर साझा की, जिसमें वह थेपला, नारियल की चटनी और आम के अचार का स्वाद ले रही थीं। सफेद बाथरोब में नाश्ते का आनंद लेते हुए, वह 90 के दशक की फिल्म 'गुलाम' का गाना 'आंखों से तूने ये क्या कर दिया' सुन रही थीं, जिसमें आमिर और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। इस पोस्ट के बाद प्रियंका ने अपनी एक हॉट तस्वीर भी शेयर कीं, जिसमें ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ ब्लैक गॉगल्स में पोज देती नजर आईं। इस ड्रेस के साथ प्रियंका ने नॉट स्टाइल का सिल्वर नेकपीस भी पहना हुआ है।



# धनुष-कृति की तेरे इश्क में का टीजर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक आनंद एल राय पर्दे पर एक बार फिर 'रांझणा'जैसा जादू बिखेरना चाह रहे हैं। इसके लिए वो फिल्म 'तेरे इश्क में'लेकर आए हैं। धनुष और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब गुरुवार को इस मच अवेटेड फिल्म का टीजर सामने आया है। टीजर के रिलीज होने के बाद अब फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। 2 मिनट 4 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि कृति सेनन के किरदार की शादी होने वाली है और हल्दी की रस्म हो रही है। तभी धनुष का किरदार घायल अवस्था में वहां पहुंचता है और कहता है, 'अपने बाप को जलाने गया था बनारस। सोचा तेरे लिए गंगा जल लेता आऊं। नई जिंदगी शुरू करने जा रही है, पुराने पाप तो धो ले।'

## टीवी मसाला




# एनिमेटेड सीरीज कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज, दिखेगी महाभारत की कहानी

**मुंबई।** इस साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा'ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और रिकॉर्डतोड़ कमाई की। इसके बाद अब कई एनिमेटेड फिल्मों की घोषणा की जा चुकी है। इसी क्रम में अब महाभारत पर आधारित एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र'आ रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। 2 मिनट 31 सेकंड के इस ट्रेलर में महाभारत की कहानी दिखाई गई है। ट्रेलर में महाभारत के अलग-अलग घटनाक्रमों व अध्यायों का जिक्र देखने को मिलता है। जिसमें कृष्ण जी के अवतार से लेकर भीष्म पितामह का वध, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में फंसना और द्रौपदी के चीरहरण तक का जिक्र किया गया है। ट्रेलर में जबरदस्त एनिमेशन देखने को मिला है। कुछ एक सीन देखने में काफी शानदार लग रहे हैं। 'कुरुक्षेत्र' एक सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर 10 अक्टूबर से रिलीज हो रही है। इसका निर्देशन उज्जैन गांगुली ने किया है, जबकि इस सीरीज को क्रिएट किया है अनु सिक्का ने। वहीं इसके गीत गुलजार ने लिखे हैं। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, अंग्रेजी, स्पेनिश, पोर्तुगीज, थाई और इंडोनेशियन भाषा में भी रिलीज होगी। इसी साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विष्णुजी के नरसिंह अवतार के बारे में दिखाया गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ कमाई की थी और कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। यह फिल्म भी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

## लाल जोड़े में अविका ने शेयर किया ब्राइडल लुक

**मुंबई।** 'बालिक वधू' फेम अविका गौर और मिलिंद चंदवानी ने बीते मंगलवार 30 सितंबर को सात फेरे लिए। गुरुवार को अविका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शादी की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें



देखकर फैंस बेहद खुश हैं। अविका ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरों को शेयर कर फैंस को सरप्राइज दिया है। इन तस्वीरों में अविका लाल जोड़े में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। मेहंदी, गहने और शादी का ग्लो अविका की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वहीं, मिलिंद चंदवानी पीच रंग की डिजाइनर्न शेरवानी में हैंडसम दिख रहे हैं। इन तस्वीरों के अलावा अविका ने सिर्फ अपना ब्राइडल लुक भी शेयर किया, जिसमें वह बेहद प्यारी दिख रही हैं। इन तस्वीरों को अविका ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ' अभी भी रो रही हूं और नाच रही हूं।'

# कोई आप पर काम थोप नहीं रहा : रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बीते कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस चल रही है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे काम करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया था। इसपर कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है। अब काम के घंटे को लेकर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी रिएक्ट किया है। साथ ही उन्होंने निर्देशन में



अपने कॅरियर को लेकर भी बात कही है। काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, 'आजकल ये बातें चर्चा में हैं, क्योंकि शायद लोग बाहर इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन, यह सभी कार्यों का एक सामान्य नियम रहा है। मैंने भी ऐसा किया है, जहां मैंने कुछ घंटों तक काम किया है। अगर निर्माता को इससे कोई आपत्ति नहीं है, तो आप फिल्म नहीं करते। इसलिए, यह भी एक विकल्प है। कोई किसी पर कुछ भी थोप नहीं रहा है।'अभिनेत्री से उनकी निर्देशने को लेकर रुचि के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि मैं इस पेशे में हमेशा कहती हूं कि कभी ना मत कहो। मुझे लगता है कि मैं जिस तरह की इंसान हूं, मुझे पता होता है कि मैं कब निर्देशन के लिए तैयार हूं या मुझे पता होता है कि वह समय कब आएगा। अभी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अभी, मैं एक अभिनेत्री होने और निर्देशित होने से बहुत खुश हूं।'रानी मुखर्जी ने फिल्म 'हिचकी' की शूटिंग के दिनों को याद किया और अपनी बेटी आदिरा के पालन-पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने 'हिचकी' की थी, तब आदिरा 14 महीने की थी।

# दशहरा पर रिलीज हो रहीं ये फिल्में

**मुंबई।** दो अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा मनाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें साउथ की इडली कढ़ाई, कांताराः चैप्टर 1 और मृत्युंजय के अलावा बॉलीवुड की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शामिल हैं।

### इडली कढ़ाई

दशहरा के मौके पर दर्शकों को जिस फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार है, वह है 'इडली कढ़ाई'। यह फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में धनुष ने न सिर्फ अदाकारी की है, बल्कि उन्होंने इस फिल्म को लिखा है और इसका निर्देशन भी किया है। फिल्म में उनके साथ नित्या मेनन भी हैं।



### कांताराः चैप्टर 1

'कांताराः चैप्टर 1' दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार, लेखक और निर्देशक ऋषभ शेट्टी हैं। 125 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी ने फीस नहीं ली है, बल्कि वह इस फिल्म के मुनाफे के हिस्सेदार हैं। यह एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है।

### मृत्युंजय

दशहरा के मौके पर जो एक और साउथ की फिल्म रिलीज होने वाली है, वह 'मृत्युंजय' है। यह हुसैन शा किरण द्वारा निर्देशित एक तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में श्री विष्णु और रेबा मोनिका जॉन ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माता संदीप गुन्नम और विनय चिलकापति हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ ने अहम किरदार निभाया है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म के निर्देशक शशांक खेतान हैं।

## 43 साल पहले रिलीज हुई यह फिल्म बुरी तरह रही फ्लॉप

# बॉलीवुड की मनहूस फिल्म, बनते-बनते दो एक्टर और डायरेक्टर की हो गई थी मौत

***नई दिल्ली।*** *इस फिल्म को हिंदी सिनेमा की सबसे 'मनहूस और शापित' फिल्म माना जाता है। इसके बनने के दौरान दो बड़े स्टार्स और एक डायरेक्टर समेत कई कलाकारों की मौत हो गई थी। ऐसे-ऐसे हादसे हुए कि सब सिहर उठे थे।। इसे बनने में पूरे 24 साल लगे पर यह दो एक्टर्स के साथ-साथ डायरेक्टर की भी जान लील गई। जब यह फिल्म 43 साल पहले रिलीज हुई थी, तो बुरी तरह फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में निम्मी और संजीव कुमार लीड रोल में थे और इसका नाम था 'लव एंड गॉड'। फिल्म को के. आसिफ ने डायरेक्ट किया था। आसिफ इससे पहले 'मुगले-आजम' बना चुके थे, जिसे बनने में 16 साल लगे थे। लेकिन, जैसी मनहूसियत इस फिल्म के बनने के दौरान देखने को मिली, उसने सबका दिल दहला दिया था। 'लव एंड गॉड' को लेकर के. आसिफ ने बहुत बड़े सपने देखे थे। वह चाहते थे कि यह भी 'मुगले-आजम' जैसी क्लासिक बने, पर इसके बनने के दौरान कुछ ऐसे हादसे हुए कि इसे 'मनहूस' कहा जाने लगा। इस फिल्म में काम करने वाले कुछ कलाकार मौत की गोद में समा गए। यहां तक कि डायरेक्टर की भी मौत हो गई।*

### 1986 में रिलीज हुई थी, ये थी कहानी

'लव एंड गॉड' साल 1986 रिलीज हुई थी। यह लैला मजनू की कहानी पर आधारित थी। फिल्म की कहानी दो अरबी किरदारों- लैला और कैश की थी। इसमें के. आसिफ ने लैला के रोल के लिए एक्ट्रेस निम्मी को साइन किया था, वहीं मजनू के रोल के लिए गुरु दत्त को। हालांकि, गुरु दत्त इस किरदार को निभाने को लेकर झिझक रहे थे, पर के. आसिफ ने उन्हें किसी तरह फिल्म के लिए राजी कर लिया। और तब साल 1962 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### गुरु दत्त को मिला था मजनू का रोल

हालांकि, गुरु दत्त उस वक्त निजी जिंदगी में बहुत ही मुश्किलों से गुजर रहे थे। उनकी पिछली फिल्म 'कागज के फूल' फ्लॉप हो गई थी और वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। गुरु दत्त को अपना घर गिरवी तक रखना पड़ा। यही नहीं, पत्नी गीता दत्त के साथ भी उनके रिश्ते खराब चल रहे थे। यह भी बताया जाता है कि गुरु दत्त ने दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी।



### गुरु दत्त की मौत घर में मिली थी लाश

एक रात गुरु दत्त और गीता दत्त का झगड़ा हुआ। गीता घर छोड़कर चली गईं और गुरु दत्त ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने शराब के साथ नींद की गोलियां खा लीं। अगली सुबह गुरु दत्त की मौत की खबर मिली, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। के. आसिफ को भी तगड़ा झटका लगा। उनकी फिल्म बीच में रुक गई। तब वह एक्टर संजीव कुमार से मिले। वह संजीव से एक फिल्म के प्रीमियर में मिले थे और वहीं पर उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया था।

### संजीव कुमार को किया साइन

बताया जाता है कि के.आसिफ ने संजीव कुमार का पेशेंस टेस्ट करना चाहा। इसलिए, उन्होंने संजीव को एक दूसरी फिल्म 'सस्ता खून महंगा पानी' में कास्ट किया, जिसकी शूटिंग करने राजस्थान भेजा। चूंकि, 'लव एंड गॉड' भी राजस्थान में शूट की जानी थी, इसलिए आसिफ देखना चाहते थे कि संजीव कितना सहन कर सकते हैं।

### के. आसिफ की मौत, संजीव की बांहों में तोड़ा दम

'लव एंड गॉड' की शूटिंग दोबारा शुरू हुई, पर इसकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। हुआ यूं कि साल 1971 में संजीव ने कुछ समय के लिए मुंबई छोड़ दिया और किसी और प्रोजेक्ट में बिजी हो गए। जब वह वापस मुंबई लौटे तो के. आसिफ उनसे मिलने गए। जब आसिफ संजीव से उनके कमरे में बैठकर बात कर रहे थे तो उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। संजीव ने आसिफ को देखा और संभालने की कोशिश की, पर आसिफ ने उनकी बांहों में ही दम तोड़ दिया।

***संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत, कई और कलाकार मरे :*** संजीव कुमार टूट गए थे। फिल्म फिर से बीच में लटक गई। तब एक्टर आसिफ की फिल्म को पूरा करने के लिए फंड जुटाने में लग गए। उन्होंने कई प्रोड्यूसर्स और यहां तक कि दिलीप कुमार को भी मदद के लिए अप्रोच किया, पर कोई आगे नहीं आया। फिर संजीव कुमार प्रोड्यूसर केसी बोकाडिया से मिले। वह 'लव एंड गॉड' को फंड देने के लिए राजी हुए। शूटिंग शुरू हुई और फिर कुछ दिन बाद ही संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### घरघोड़ा में डांडिया और गरबा की मची है धूम

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में डांडिया और गरबा की धूम मची हुई है। शुरुआत से ही लोग इतने उत्साहित हैं कि वे खुद को गरबा करने से रोक नही पा रहे हैं। अपने साज सज्जा, आकर्षक लाइटिंग और रंगीन माहौल के कारण गरबा व डांडिया स्थल महिलाओं, बच्चों और युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना। कार्यक्रम में पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य के साथ-साथ रंगीला मारो ढोलना, घूंघट में चांद होगा, आंचल में चांदनी, जुगनी-जुगनी, नगाड़ा संग ढोल बाजे जैसे लोकप्रिय गीतों पर सभी ने देर रात तक झूमते हुए कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं।

### नवमी में कराया गया नवकन्या भोज

**कोसीर।** अंचल के मंदिरों सहित घरों में नवरात्र को लेकर पूजा पाठ पूरी श्रद्धा भाव के साथ हुई। जिसके फलस्वरूप गांव सहित पूरे अंचल में भक्तिमय महौल बना रहा। नौ दिन माता के नौ रूपों की पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र पर्व के नवमी को काफी उत्साह रहा, जिसे लेकर नवकन्या भोज बच्चो को कराया गया और आशीर्वाद लिया गया। कोसीर के माता कौशलेशवरी मंदिर, बटाऊपाली, भाठागांव, कुम्हाडी पाट सहित अन्य गावों में नौ कन्या भोज करा कर आशीर्वाद लिया गया।

### स्पीड पोस्ट के बुकिंग डिस्काउंट दरों में परिवर्तन

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग अपने विशाल नेटवर्क एवं विश्व के कई देशों में अपनी बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसके लिए विभाग समय समय पर अपने सेवाओं को अद्यतन करते रहता है ताकि समय के साथ आम जनों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके। इसी तारतम्य में डाक विभाग द्वारा आम जनों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्पीड पोस्ट सेवा के दरों में बदलाव किया गया है जो 1 अक्टूबर से प्रभावी होंगे जिसके तहत 50 ग्राम वजन के किसी डाक को भारत के किसी भी कोने में पोस्टेज दर मात्र 47 रूपए बेस चार्ज लागू जीएसटी दर के अनुसार भेजा जा सकेगा। 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट आर्टिकल जिसमें आर्टिकल को पता आधारित वितरण प्रणाली के तहत वितरित किया जाता है का यदि कोई व्यक्ति चाहे तो आर्टिकल को किसी व्यक्ति विशेष को वितरण के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकेगा एवं इसका रजिस्ट्री शुल्क 5 रूपए लागू जीएसटी दर के अनुसार रहेगा। इसके अलावा डाक विभाग 1 अक्टूबर से ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली प्रारंभ कर रहा है जिसके लिए 5 रूपए जीएसटी अतिरिक्त का भुगतान कर कोई भी व्यक्ति इसका लाभ ले सकता है। जनसामान्य से निवेदन है कि वे स्पीड पोस्ट सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठावें एवं स्पीड पोस्ट करवाते समय पूर्ण पता पिनकोड सहित स्पष्ट व साफ अक्षरों में लिखें ताकि इसका शीघ्र निपटारा किया जा सके।

### खेल में भाग लेने 27 तक कर सकते हैं पंजीयन

**रायगढ़।** युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगाए जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जशपुर दशहरा महोत्सव...

आदित्य सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव के साथ जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित जिले के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सफाई मित्रों को स्वच्छता मिशन के सच्चे योद्धा बताया

# एनटीपीसी लारा में मना स्वच्छ उत्सव सफाई मित्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एनटीपीसी लारा ने 1 अक्टूबर को मैत्री नगर टाउनशिप के केलो भवन में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) रवि शंकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्ष अनुराधा शर्मा और बाल भवन की प्रभारी व उपाध्यक्ष अर्चना शंकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए रवि शंकर ने सफाई मित्रों को स्वच्छता मिशन के सच्चे योद्धा बताया और स्वच्छता व जन स्वास्थ्य को बनाए रखने में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। श्रीमती अनुराधा शर्मा ने अपने संबोधन में सफाई कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर और रहने लायक बनाने में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने 150 सफाई मित्रों को साड़ी, टी-शर्ट और रिफ्लेक्टिव जैकेट देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता लक्ष्य इकाई पहल के तहत सामुदायिक स्वच्छता अभियान, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने की शपथ और स्वच्छता व हाइजीन के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी शामिल था।



सम्मान समारोह में उपस्थित एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक व अन्य।



## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

**कोतबा।** भारतीय जनता पार्टी कोतबा मण्डल में ग्राम पंचायत बनगांव में 2 अक्टूबर को मंडल स्तरीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया, और उनके आदर्शों, जैसे सत्य, अहिंसा, सादगी और 'जय जवान, जय किसान' जैसे नारों को याद किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैंकरा ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज हम सभी 2 अक्टूबर को, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर, भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में समर्पण, सेवा और समाज कल्याण की भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, पोषण अभियान, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण से जुड़े कई कार्य किए। भाजपा मण्डल कोतबा के अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं था, बल्कि गांधी जी की 'सत्य, अहिंसा और स्वच्छता' की सीख तथा शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास था। भाजपा कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर आज तक पखवाड़ा कार्यक्रम में आज का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को आत्मसात करें। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी व समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्तागणों तथा समस्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भूमि संकट से जूझ रहे राउरकेला सरकारी अस्पताल की कोई नहीं ले रहा सुध

**राउरकेला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में बरहमपुर एवं बुर्ला मेडिकल कॉलेज के विस्तार कार्यों का शिलान्यास किया, लेकिन राउरकेला सरकारी अस्पताल इस प्रक्रिया से बाहर रह गया। इसका मुख्य कारण भूमि की कमी और प्रशासनिक शिथिलता को बताया जा रहा है।

- जनता स्वास्थ्य अधिकार से वंचित : प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि वर्तमान अस्पताल के आसपास राउरकेला इस्पात संयंत्र की हजारों एकड़ भूमि वर्षों से अनुपयोगी पड़ी है। इस भूमि पर झुग्गी बस्तियां और अवैध खरीद बिक्री बढ़ रही है। जिला प्रशासन और राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के बीच समन्वय की कमी के चलते यह भूमि किसी भी सामाजिक या सरकारी कार्य में नहीं आ पा रही। यदि यही भूमि अस्पताल व अन्य जनहित परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जाए, तो राउरकेला के विकास को सर्वांगीन विकास हेतु नई दिशा मिल सकती है।




### सपना बन कर रह गया मेडिकल कॉलेज

ज्ञात हो कि भुवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल में पीजी कोर्स आरंभ हो चुके हैं, जबकि 2014 में प्रधानमंत्री ने राउरकेला में मेडिकल कॉलेज और पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान का वादा किया था, जो अब तक लंबित है। जनता को उम्मीद है कि राउरकेला सरकारी अस्पताल का नवीनीकरण शीघ्र पूरा हो और शहर की जनता को स्वास्थ्य अधिकार प्राप्त हो।

### 627 करोड़ की राशि हो चुकी है आवंटित

राउरकेला सरकारी अस्पताल के लिए 627 करोड़ की राशि पहले ही आवंटित की गई है, लेकिन भूमि अभाव के कारण योजना ठप है। विगत वर्षों में बीजद सरकार के समय इस राशि को अन्यत्र मोड़कर बंदरबांट का प्रयास हुआ था, लेकिन कुछ संगठनों व चंद राजनैतिक दलों के विरोध से यह सम्भव न हो सका। खास बात यह है कि आज भी यह योजना फाइलों में धूल खा रही है।

### भूमि का योजनाओं के लिए करें सदुपयोग

राउरकेला के नागरिक अपेक्षा कर रहे हैं कि जिला प्रशासन और राउरकेला इस्पात संयंत्र के आपसी तालमेल से इस भूमि को अस्पताल विस्तार के साथ साथ एयरपोर्ट, स्मार्ट बस स्टैंड, कृषि मंडी, ट्रक टर्मिनल और आवासीय योजनाओं के लिए सदुपयोग करें। इससे ग्रेटर राउरकेला का सपना साकार होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन माझी की मंशा के अनुरूप हर परिवार को आवास व स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।



### राउरकेला में धूमधाम से हुई मां की महानवमी पूजा

**राउरकेला।** मां की महानवमी पूजा के उपलक्ष्य में राउरकेला के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बीते दिन की अपेक्षा छोटे से बड़े सभी पूजा मंडपों में सुबह 9 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। पहले से की गई यातायात व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद यात्रियों को रास्ते में आने जाने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। विभिन्न चौराहों सहित रिंग रोड के दोनों ओर पुलिस तैनात रही। किसी भी प्रकार की घटना न हो इसके लिए पुलिस सतर्क निगाह रख रही है। पूजा मंडपों में मां की महानवमी पूजा जारी रही। बुधवार को मौसम साफ रहने से पूजा करने आए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंडप परिसर के चारों ओर छोटे से बड़े सभी दुकानदार अच्छी कमाई की उम्मीद में बैठे रहे। राउरकेला सहित बाहर से भी श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ आकर्षक तोरण देखने के लिए पहुंचे हुए थे।

## एनईएस महाविद्यालय में गांधी जयंती और स्वच्छता पखवाड़ा



**जशपुरनगर।** शहर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुरनगर में आज गांधी जयंती एवं सेवा पखवाड़ा 2025 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.डॉ.सरिता निकुंज द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर धूप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने भी गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो.डॉ.सरिता निकुंज ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और स्वच्छता के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। गांधी जी के विचार हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में गांधी की भूमिका, विकसित भारत हेतु आत्मनिर्भर ग्रामों के निर्माण में गांधीवादी विचारों का योगदान, मजबूत लोकतंत्र के विकास पर गांधीवादी दर्शन का प्रभाव तथा स्वच्छता के प्रति गांधी जी की दृष्टि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज, ग्रंथपाल वीपी सिंह, प्रो.डॉ.हरिकेश कुमार, कार्यालयीन कर्मचारी ज्योति टीडू एवं महेशराम सहित अन्य ने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक सुरेश राम ने अपने विचार किए। इस अवसर पर स्वयंसेवक सुरेशराम, अशोकराम, कर्मा, प्रिज्मा भगत, केशव सिंह, ईश्वर राम, चांदनी बड़ाइक, चांदनी नायक, रवींद्र यादव, प्रियांशी भगत, अविनाश भगत, चंद्रलेखा, भानु यादव सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## घरघोड़ा में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

**घरघोड़ा।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान सेवा पखवाड़ा के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में एक वृहद रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धार दीवान, जिला महामंत्री पटनायक, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जिला संयोजक श्याम भोजवानी, घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, कुडूमकेला मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, गंगाधर साहू, मुरली राठिया, गौरीशंकर गुप्ता, अम्बिका सोनवानी, सुनील ठाकुर, बबलू मोटवानी, सुनील होता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्याम भोजवानी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। सांसद राधेश्याम



राठिया ने इस दौरान अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना और उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के उपचार में विशेष ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सेत राम पैंकरा, अजय राठिया, डा. रोहित डनसेना, ज्योत्स्ना गुप्ता, गीता साहू, नागेंद्र नायक, डा. आर्ची, विजय बेहरा सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर मानवता का संदेश दिया।

## रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा धर्मः राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रक्तदान मानवता के लिए सबसे बड़ा धर्म है एक यूनिट से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। एक रक्तदाता जीवन रक्षक के समान होता है। उक्त बातें सांसद राधेश्याम राठिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत घरघोड़ा में आयोजित रक्तदान आयोजन के दौरान कही।

रक्तदान करके जीवन रक्षक बनने का आह्वान करते हुए सांसद ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, जैसे कि किसी दुर्घटना या बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को तत्काल रक्त की आवश्यकता हो सकती है। यह एक सामाजिक सेवा है जो मानवता की मदद करती है, और यह एक ऐसा कार्य है जो किसी के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। रक्तदान धर्म जाति के बंधन की बाधा को खत्म करता है। रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में एक वृहद रक्तदान शिविर का सफल




आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान, जिला महामंत्री जतिन साव, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, कुडूमकेला मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, गंगाधर साहू, मुरली राठिया, वरिष्ठ पत्रकार गौरीशंकर गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, पत्रकार बबलू मोटवानी, सुनील होता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। सांसद राधेश्याम राठिया ने इस दौरान अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना और उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के उपचार में विशेष ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी पैंकरा, अजय राठिया, डा. रोहित डनसेना, ज्योत्स्ना गुप्ता, गीता साहू, नागेंद्र नायक, डा. आर्ची, विजय बेहरा सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## महिला को आत्महत्या के लिए उकसाया पति, सास, ससुर सहित चार पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले पति, सास, ससुर और चाचा ससुर को दुष्प्रेरण के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 23 सितंबर को हुई, जब थाना चक्रधरनगर को थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ से मृतिका अमीषा सिंह की मृत्यु संबंधी मर्ग डायरी प्राप्त हुई। जांच में सामने आया कि अमीषा सिंह ने नवंबर 2022 में गजानंद सिंह राजपूत निवासी संजय नगर बैंक कॉलोनी चक्रधरनगर से प्रेम विवाह की थी। विवाह के शुरुआती छह माह तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद अमीषा को पति गजानंद, सास जानकी बाई, ससुर संतोष कुमार राजपूत और चाचा ससुर शंकर



राजपूत द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष प्रेम विवाह को स्वीकार नहीं कर रहा था और मृतिका को बार-बार ताने दिए जाते थे। पति शराब पीकर मारपीट करता था और रोजाना विवाद खड़ा करता था। लगातार प्रताड़ना से त्रस्त होकर 30 अगस्त को अमीषा सिंह ने अपने घर में फांसी लगा ली। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ लाया गया और वहां से रायपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में सारंगढ़ के पास उसकी मौत हो गई।

## आकाशीय बिजली का कहर : दो युवक और तीन बकरियों की अकाल मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें आकाशीय बिजली की चपेट मे आकर दो युवकों व तीन बकरियों की अकाल मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है। दरअसल मंगलवार को छाल थाना क्षेत्र के ग्राम गंजाईपाली निवासी आकाश किंडो पिता सुकलाल उराव 19 वर्ष व



लिबुन केरकेट्टा पिता बोदो 19 वर्ष गांव के पास ठाकुरदेव डीपा के पास बकरी चरा रहे थे। दोपकर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों युवक पास के महुआ पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस घटना में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही जंगल में चर रहे तीन बकरियों की भी गाज की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों के ने बताया कि बताए अनुसार प्रथम दृटिया दोनों युवक कि मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

